जेम पोर्टल से सरकारी खरीदारी में यूपी नंबर वन

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की भ्रष्टाचार को लेकर जीरो टॉलरेंस की नीति रंग ला रही है। जेम पोर्टल के माध्यम से देश में सबसे ज्यादा खरीद यूपी के सरकारी विभागों ने की है। पिछले सवा चार साल में करीब 20 गुना खरीद की गई है। इससे देश में यूपी पहले स्थान पर है। कोरोना काल में पिछले साल की तुलना में चार गुना अधिक खरीद की है।

जेम पोर्टल के माध्यम से वित्त वर्ष 2019-20 की पहली तिमाही में 365 करोड़ रुपये की खरीद हुई थी। जबकि कोरोना काल में वित्त वर्ष 2020-21 की पहली तिमाही में 561 करोड़ और चालू वित्त वर्ष 2021-22 की पहली तिमाही में 2075 करोड़ की खरीद हुई है। एमएसएमई के अपर मुख्य सचिव डॉ. नवनीत सहगल कहते हैं कि पिछले सवा चार सालों में सरकारी विभागों ने 11,885 करोड़ रुपये के 5,45,660 ऑर्डर दिए हैं। केंद्र सरकार ने प्रदेश को 2018 में बेस्ट बायर अवॉर्ड और 2019 में सुपर बायर अवार्ड से भी सम्मानित किया है। ब्यूरो

उत्तर रेलवे

एकल ई–निविदा सूचना

की ओर से वरिष्ठ मंडल यॉत्रिक इंजीनियर/डीजल उत्तर रेलवे डीजल खनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई निविदा आमंत्रित की जाती है। इस यल आफर स्वीकार नहीं किये जायेगें। **निविदा संख्या:** C/209 **कार्य का नाम**: डीजल लोकोमोटिव शेड आलमबाग लखनऊ में